हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 26 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

12 बरसाती सीजन में जलभराव से निपटने की कसरत



12 परिवार व समाज को भी प्रभावित करती है नशे की लत



## खबर संक्षेप

### कॉमन प्रवेश परीक्षा 30 जून को : कर्नल पांडेय

**अंबाला।** भर्ती निदेशक कर्नल बीएस पांडेय ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर, ट्रेड्स मैन दसवीं पास, ट्रेड्स मैन आठवीं पास और अग्निवीर महिला सेना पुलिस और रेगुलर एंट्री के तहत सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, हवलदार (एसएसी), जेसीओ कैटरिंग और हवलदार (एजुकेशन) के पद पर कॉमन प्रवेश परीक्षा का आयोजन विभिन परीक्षा केंद्रों पर 30 जून से 10 जुलाई तक किया जाएगा। सभी उम्मीदवारों के कॉमन प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड अपलोड कर दिए गए हैं।

### धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला ।** ऑनलाइन ट्रेडिंग का लालच देकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी राम बचन यूपी के झींगुर पट्टी पोस्ट ऑफिस मारकिनगंज गाजीपुर का रहने वाला है। आरोपी से 40 हजार की नकदी बरामद की है। जांच में सामने आया था कि कुल रकम में से धोखाधड़ी से हड़पे गए 4 लाख 55 हजार रूपये आरोपी के खाते में ट्रांसफर हुए थे। गोबिंदनगर के रजत ने 23 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 8 अप्रैल 2025 से 12 मई 2025 के दौरान ऑनलाइन ट्रेडिंग में ज्यादा पैसे कमाने का लालच देकर उससे करीब 7 लाख 55 हजार रूपये की धोखाधड़ी हो गई है।

### लिव इन में रहने वाली का हत्यारोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत में लिव इन पार्टनर युवती की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सूरज पठान के रूप में हुई है। पुलिस प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि युवती उसके अलावा किसी दूसरे युवक से भी बातचीत करती थी। वह अक्सर फोन पर बिजी रहती थी। उसने अनेकों बार कहा गया कि वह किसी दूसरे से बात न किया करे, लेकिन वह नहीं मानी। इसी के चलते वह आपा खो बैठा और उसने 19 जून को ईंट से उसके सिर पर वार किया और मौत के घाट उतार दिया। उसकी मौत होने के बाद वह डर गया था और मौके से फरार हो गया था।

### सनौली खुर्द में बिजली गिरने से जले उपकरण

**बापौली।** सनौली खुर्द गांव में सुबह बूदाबांदी के दौरान आसमानी बिजली गिरने से अनेक घरों के उपकरण जल गए गए। जिससें करीब 60 घरों में अंधेरा छा गया। हालांकि बताया यह भी जा रहा है कि जिस क्षेत्र में कई लोगों के मोबाइल भी खराब हो गए। वहीं पूरा दिन बिजलीकर्मी बिजली को ठीक करने में लगे रहें। सुबह करीब साढे आठे बजे आकाशीय बिजली के पोल पर गिर गई।

### कुरुक्षेत्र में आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल बोले

# संविधान गीता, गुरुग्रंथ साहिब व बाइबल की तरह पवित्र

### संविधान को बचाने के लिए काम कर रही भारतीय जनता पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** पंचायत भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल।

- आपातकाल के दौरान जेल में बंद होने वाले और उनके परिजनों को सम्मानित किया

केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश के गीता, गुरुग्रंथ साहिब और बाइबल की तरह पवित्र है। हमें संविधान का मान सम्मान और आदर करना चाहिए।

देश हित में संविधान के अंदर संशोधन भी किया जाने चा हि ए , ले कि न व्यक्तिगत या कुर्सी के लिए सं शो ध न करना संविधान की हत्या के बराबर है। भारतीय जनता पार्टी संविधान को बचाने के लिए काम कर रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल बुधवार को पंचायत भवन के सभागार में आयोजित संविधान हत्या दिवस 2025 कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। इससे पहले केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल ने संविधान हत्या दिवस को लेकर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल में बंद होने वाले और उनके परिजनों को शाल भेंट कर सम्मानित भी किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल ने कहा कि देश को कुरुक्षेत्र की भूमि से धर्म-अधर्म, न्याय-अन्याय, नीति और अनीति के विषय में ज्ञान दिया है, जिसका हमारे देश में नहीं बल्कि पूरे विश्व में अनुसरण किया है। अब तक अधर्म, अन्याय और अनीति हारती आई है। यही सीख संविधान की हत्या करने वालों को भी लेनी चाहिए। हमारे देश में डेमोक्रेसी बहुत ही बड़ी और पुरानी है। देश के पास द्वापर और त्रेता युग का प्रमाण मौजूद है, जबकि अमेरिका के पास स्टैचू ऑफ यूनिटी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका आज खुद की डेमोक्रेसी को सबसे पुराना बता रहा है। अब समय बदल चुका है, उसकी डेमोक्रेसी को भारत के नागरिक चैलेंज करते हैं, क्योंकि सबसे पुरानी और सबसे बड़ी डेमोक्रेसी भारत की रही है और आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस आपातकाल के दौरान करीब 1 लाख 10 हजार लोगों को जेल में बंद किया गया, इनमें पत्रकार भी शामिल रहे। बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। उन्होंने कहा कि आपातकाल की स्थिति देश को किसी बाहरी खतरे के समय, आंतरिक अशांति के समय और वित्तीय संकट में घोषित की जाती है। वर्ष 1975 में हमारे देश में तब इनमें से कोई भी कारण नहीं था। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर इन यातना सहन करने वालों को मान सम्मान दिया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, भाजपा नेता जवाहर सैनी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, आत्मप्रकाश मनचंदा, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, जितेंद्र खैरा आदि मौजूद रहे।

## जनता के मौलिक अधिकारों का हनन

- भाजपा ने इमरजेंसी दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन
- हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल सिंह ढांडा रहे मुख्यातिथि



यमुनानगर। भाजपा द्वारा आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में मुख्यातिथि एवं कैबिनेट मंत्री महीपाल सिंह ढांडा का स्वागत करते आयोजक।

**यमुनानगर।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री महीपाल सिंह ढ़ांडा ने कहा कि आपातकाल ने भारत के लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया था और नागरिकों के अधिकारों को सीमित कर दिया था। उन्होंने बुधवार को जगाधरी के महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में भाजपा द्वारा आयोजित संविधान हत्या दिवस के जिलास्तरीय कार्यक्रम में उक्त शब्द कहे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रुप में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व मेयर सुमन बहमनी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।

मुख्यातिथि एवं कैबिनेट मंत्री महीपाल सिंह ढांडा ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस की तत्कालीन सरकार की प्रधानमंत्री रही स्व.इंदिरा गांधी द्वारा भारत में आपातकाल की घोषणा की गई थी। जिसने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरे में डाल दिया था। इस अवसर पर हम आपातकाल के दौरान देश के लिए लड़ने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को याद करते हैं और उनके बलिदानों को सलाम करते हैं। कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि आपातकाल नेनागरिकों के अधिकारों को सीमित कर दिया था। आपातकाल के दौरान नागरिकों के मानवाधिकारों का जमकर हनन हुआ था और कई लाख निर्दोष लोगों को जेल में डाला गया था। आपातकाल के दौरान मीडिया की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया था और उस समय सरकार के खिलाफ कोई खबर नहीं चलाई जा सकती थी।

# व्यापारियों से फिरौती मांगने वाले दो गिरफ्तार

- आरोपियों का पुलिस ने लिया तीन दिन का पुलिस रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** पुलिस द्वारा व्यापारियों से फिरौती मांगने के मामले में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी पुलिस हिरासत में बैठे हुए।

विदेशी फोन नंबरो से काल करके व्यापारियों को जान से मारने की धमकी देने व फिरौती मांगने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर ले लिया। रिमांड के दौरान आरोपियों से पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है। जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि व्यापारियों को विदेशी नंबरों से कॉल करके उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही थी और उनसे फिरौती दिए जाने की मांग की जा रही थी। इस मामले में पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू जांच कर रही थी। इसी जांच के दौरान पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू की टीम ने शक के आधार पर दादूपुर हैड के नजदीक से दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। इस दौरान तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो पिस्टल, दस जिंदा कारतूस, एक देसी पिस्तौल व पांच जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान ताहरपुर निवासी चेतन सिंह व साहिल के रुप में हुई। इस दौरान आरोपियों ने पूछताछ में व्यापारियों से फिरौती मांगने व जान से मारने की धमकी देने का अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर उनका तीन दिन का रिमांड लिया गया।

# पाइप लाइन धंसने से मकानों में दरार

- वार्ड वासी बोले घटिया तरीके से बिछाई पाइप लाइन, होनी चाहिए जांच

**इंद्री (करनाल)।** बुधवार सुबह आई बरसात ने इंद्री के वार्ड न 5, 6 व 7 में जनस्वास्थय अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बिछाई जा रही पीने के पानी की पाइप लाइन के निर्माण कार्य की पोल खोल दी है ।

तेज बारिश के चलते बिछाई गई पाइपलाइन जगह-जगह से धंस गई जिस कारण कई मकानों की नींवों को नुकसान पहुंचा और दीवारों में दरारें तक आ गई । विभाग द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है । रोषजदा कस्बा वासी रमेश बवेजा, नरेश कुमार, मोहित, विनोद, पवन, पप्पी सचदेवा, विनय, चिंटू, आशा रानी, नीलम रानी , सीमा, सुमन व अनमोल आदि का कहना है कि कस्बे के लोगों को पीने के पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है लेकिन पाइपलाइन बिछाने का काम इतना घटिया तरीके से किया जा रहा है कि पहली ही बरसात में पाइपलाइन धंस गई जिस कारण मकानों की नींवों को भी नुकसान हो रहा है। उक्त लोगों का कहना है कि यदि बिछाई गई पाइपलाइन की शीघ्र जांच करवा कर ठीक नहीं करवाया गया तो काफी मकानों को नुकसान हो सकता है। इस मामले में जन स्वास्थ्य विभाग अभियांत्रिकी कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार का कहना है कि जहां-जहां पर मकान की नींव धंसने की शिकायत आई है वहां पर जांच करवाने के बाद ही पता चल सकेगा कि नींव बैठने का कारण क्या है।



## महिला से 28 लाख रुपये की ठगी

- पुलिस ने किया मां और बेटे पर मुकदमा दर्ज
- आरोपियों ने पैसे दोगुने करने का लालच देकर की ठगी

**बराड़ा।** यहां की रहने वाली एक महिला ने जिला कुरुक्षेत्र के गांव अधोया की एक महिला व उसके बेटे पर धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि दोनों आरोपियों ने उससे पैसे दोगुना करने का लालच देकर 28,24,600 की ठगी की। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर दोनों मां और बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वार्ड नंबर 14 में रहने वाली जसविंद्र कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उक्त मकान में वर्ष 2008 से किराए पर रह रही है। उन्होंने वर्ष 2020 में करनाल कॉलोनी बराड़ा में स्थित अपना 10 मरले का मकान 29.80 लाख में बेचा था। उसके बाद उनके खाते में यह राशि जमा हुई। पीड़िता के अनुसार उनके पड़ोस में रहने वाले सतविंद्र सिंह उर्फ सोनी और उनकी पत्नी सुरजीत कौर के माध्यम से उनका परिचय आरोपित रुपिंद्र सिंह और उसकी माता कुलदीप कौर से हुआ। अगस्त 2022 में दोनों ने महिला को यह कहकर बहलाया कि वे एक फाइनेंस कंपनी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अगर वह अपनी रकम इस कम्पनी में निवेश करती हैं तो उन्हें हर महीने 2 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इस लालच में आकर महिला ने अगस्त 2022 से अगस्त 2023 तक अपने एसबीआई और एचडीएफसी खातों से कुल 28.24 लाख की राशि नकद और ट्रांसफर के माध्यम से दी। उसने बताया कि रकम लेने के बाद आरोपी कुछ समय तक तो ब्याज देते रहे। इसकी वजह से उसका आरोपियों पर भरोसा बना रहा। 4 सितंबर 2023 को आरोपी ने स्टांप पेपर पर एक लिखित वादा भी किया कि 18 महीने बाद वह रकम दोगुनी करके वापिस लौटाएंगे। बाद में जब महिला ने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने उसे तीन चेक दिए जोकि 6 लाख, 8 लाख और 10 लाख के थे। जब महिला ने वो चेक बैंक में लगाए तो वो सभी बाउंस हो गए। जब पीड़िता ने उनके घर जाकर पैसे वापस मांगने का प्रयास किया तो उनके साथ अभद्रता की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बरसात से पारा गिरा, गर्मी से मिली राहत

- किसानों के चेहरे खिले,धान की रोपाई करने में मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** बारिश में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

मानसून की झमाझम बारिश दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। बुधवार को दोपहर तक हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। बारिश होने पर गर्मी झेल रहे लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं बारिश से मौसम सुहाना रहा।

लोग सुहाने मौसम का आनंद लेने बच्चों सहित पार्कों में पहुंचने लगे। बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर तक जारी बारिश से लोगों को जहां गर्मी से राहत मिली है वहीं किसानों के चेहरे पर खुशी देखी गई। अब धान रोपाई के कार्य में तेजी आएंगी। इसके साथ ही धान रोपाई की गई फसल को भी फायदा हुआ है। बरसात होने से जहां गांव व शहर की निचली कई कालोनियों में कीचड़ जमा हो गया है। खेतों में धान की रोपाई का कार्य चल रहा है। बरसात ने किसानों के चेहरे पर रौनक ला दी। बरसात होने से धान रोपाई के कार्य को फायदा होगा। अच्छी बरसात होने से लक्ष्य से अधिक रोपाई होने की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

**धान रोपाई में तेजी**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने बताया कि बरसात से धान की रोपाई में तेजी आएगी। रोपी गई फसल को काफी लाभ मिलेगा। बरसात सब्जी की फसल के लिए भी फायदेमंद रहेगी।

### बोर्ड की मीटिंग में विकास योजनाओं पर लगी मोहर ,फंड को मिली मंजूरी

# कैंटोनमेंट बोर्ड के विकास पर खर्च होंगे 22.17 करोड़

- सीईओ बोले, बुनियादी ढांचे को किया जाएगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कैंटोनमेंट बोर्ड एरिया का दृश्य।

कैंटोनमेंट बोर्ड के विकास पर 22.17 करोड़ खर्च किए जाएंगे। अफसरों ने बोर्ड की बैठक में इस फंड को मंजूरी दे दी है। इस फंड से क्षेत्र की इमारतों की मरम्मत भी कराई जाएगी।

इसके साथ ही सड़क और फुटपाथ का निर्माण भी होगा। इसके अलावा ड्रेन, पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन, बिजली संबंधित कार्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इन कार्यों से क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परेशानियों का समाधान हो सकेगा। इन सभी कार्यों पर कैंटोनमेंट बोर्ड की तरफ से 16 करोड़ रुपये और निकाय विभाग से प्राप्त राजस्व के छह करोड़ 27 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। कैंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्र के अधीन नालों और इमारतों के निर्माण पर चार करोड़ 21 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके तहत स्टाफ रोड के नजदीक मुख्य नाले की रिपेयर का काम किया जाएगा। यह नाला हाल रोड से चर्च रोड तक जाता है। इस कार्य के तहत नाले को पक्का करने का काम किया जाएगा। यह कार्य 45 लाख 66 हजार 891 रुपये की लागत से किया जाएगा। इसी प्रकार बोर्ड कार्यालय में हाल कमरे का निर्माण व पेंटिंग का कार्य किया जाएगा। इस पर 46 लाख 78 हजार 385 रुपये खर्च होंगे। इसी प्रकार कुछ अन्य कार्य किए जाएंगे। चर्च रोड से लेकर इंदिरा चौक पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएंगी। इसके अलावा बोर्ड क्षेत्र की प्रमुख सड़कों का जीर्णोद्वार किया जाएगा। इसमें तोपखाना बाजार, माल रोड, स्टाफ रोड सहित अन्य कुछ सड़कें हैं। इसी प्रकार रिहायशी क्षेत्रों में फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार सुंदरीकरण के कुछ अन्य कार्य भी किए जाएंगे। इन पर तीन करोड़ 58 लाख रुपये खर्च होंगे।

क्षेत्र के स्कूलों, डिस्पेंसरी और पार्कों का भी रखरखाव किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल के बच्चों के लिए खेल सुविधाओं में विस्तार के तहत कार्य किए जाएंगे। इस पर लगभग तीन करोड़ 62 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं बिजली की सुविधा के तहत नई स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य भी किया जाएगा। इस पर दो करोड़ 75 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

**ड्रेन का निर्माण**

मानसून के दौरान बारिश के पानी की निकासी के लिए बोर्ड क्षेत्र में कुछ जगह पर ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। यह ड्रेन उन क्षेत्रों में बनाई जाएंगी, जहां बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति रहती है। इस पर लगभग तीन करोड़ 23 लाख रुपये खर्च होंगे। बोर्ड क्षेत्र में पानी की सप्लाई को दुरुस्त रखने के लिए पुरानी पाइप लाइनों को बदलने का कार्य किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट विभाग ने पहले ही तैयार कर ली थी। इसमें कुछ सेना सहित रिहायशी क्षेत्र शामिल हैं। इस सुविधा के तहत एक करोड़ 33 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

### महिला से गहने लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पट्टीकल्याणा स्थित गांधी आश्रम के बाहर बुजुर्ग महिला से चाकू की नोक पर सोने के गहने लूटने के दो आरोपियों को सीआईए वन पुलिस टीम ने पेप्सी पुल के नजदीक सर्विस लेन से गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान राधा कृष्णा कॉलोनी दाना मंडी भगता वाला अमृतसर पंजाब निवासी विजय उर्फ रवि व दपाई अमृतसर पंजाब निवासी अमित के रूप में हुई है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने उक्त बाइक पर सवार 10 जून को सुबह पट्टीकल्याणा में आश्रम के बाहर एक बुजुर्ग महिला से चाकू की नोक पर सोने का कड़ा, चुड़ियां व बालियां लूटने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। लूट की उक्त वारदात बारे थाना समालखा में सोनीपत जिले के जटौली गांव निवासी बुजुर्ग महिला दमयंति की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

# नाले में मिला खानपुर निवासी संजीव का शव

- मंगलवार को जल्द घर वापस आने की बात कहकर घर से निकला था मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव कान्हड़ी खुर्द में आज सुबह एक व्यक्ति का शव नाले में पड़ा मिला। मृतक की पहचान गांव खानपुर निवासी 45 वर्षीय संजीव कुमार के रूप में हुई है। मृतक मंगलवार को घर से गायब था। थाना छप्पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह गांव कान्हड़ी खुर्द में लोगों ने नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। लोगों ने इसकी सूचना थाना छप्पर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नाले से बाहर निकाला। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव खानपुर निवासी 45 वर्षीय संजीव कुमार के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक संजीव कुमार मजदूरी करता था। वह मंगलवार को जल्द वापस लौटने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिवार के लोग उसकी तलाश करते रहे लेकिन कोई पता नहीं लगा। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया।

**नाले में गिरने से हुई मौत**

मृतक के परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। उधर, जांच अधिकारी थाना छप्पर प्रभारी प्रमोद वालिया ने बताया कि नाले में गिरने से संजीव की मौत हुई है। परिवार के लोगों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।



यमुनानगर। कॉलोनियों में बनी सड़कों पर भरे बारिश के पानी के बीच से गुजरते वाहन और लोग।


यमुनानगर। पंजेटो में राजकीय स्कूल में भरा हुआ बारिश का पानी।


यमुनानगर। गांव नाहरपुर में घरों में घुसे बरसाती पानी को दिखाते ग्रामीण।


यमुनानगर। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर युवक ने किशोरी से की छेड़छाड़

यमुनानगर। साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर में घुसकर 13 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। किशोरी के विरोध करने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आठ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 19 जून को वह परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। दोपहर को उसकी 13 वर्षीय लड़की घर पर अकेली थी। इसी दौरान उनके गांव का ही सोनू नामक युवक उनके घर आया व उसकी बेटी को घर पर अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें की। लड़की ने जब विरोध किया तो आरोपी उसे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। घर पहुंचे तो उन्हें लड़की ने इसके बारे में बताया।

### घर में घुसकर मां बेटे पर हमला कर किया घायल

यमुनानगर। थापर कॉलोनी में दंपति ने घर में घुसकर मां बेटे पर हमला कर घायल कर दिया। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थापर कॉलोनी निवासी अनुज भल्ला ने बताया कि 14 जून को शाम सात बजे वह अपनी मां अनिता के साथ घर पर मौजूद था। विनीत सैनी अपनी पत्नी शेफाली के साथ घर आए। आरोपियों ने आते ही उनके साथ बहस शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। जब उसकी मां उसे छुड़वाने आई तो आरोपियों ने उसे भी पीट कर घायल कर दिया और धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

### चोरों ने घर में घुसकर चुराई नकदी व आभूषण

यमुनानगर। फरकपुर क्षेत्र की प्रहलाद पुरी कॉलोनी में चोरों ने एक घर में घुसकर 20 हजार रुपए की नकदी तथा सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। मकान मालिक ने एक व्यक्ति पर घर से नकदी व आभूषण चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मनप्रीत सिंह ने बताया कि 23 जून को रात 10 बजे वह किसी काम से घर से बाहर गया था। करीब एक घंटे के बाद जब 11 बजे वह वापस लौटा तो घर में रखा सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से 20 हजार रुपये की नकदी, सोने की बालियां, अंगूठी, चांदी की पाजेब, उसकी पत्नी का पर्स, ड्राइविंग लाइसेंस तथा अन्य सामान गायब मिला। जांच करने पर उसे पता चला कि आमिर नामक व्यक्ति ने उसके घर में चोरी की है।
उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

दो दिन से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

# बारिश बनी लोगों के लिए आफत जिले में बन रहे बाढ़ जैसे हालात

पहाड़ों में बारिश से उफान पर सोम नदी, नदी किनारे बसे दर्जनों गांवों के ग्रामीण सहमे निचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान, बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट गलियों व सड़कों पर कई कई फीट भरे पाने से गुजरने का विवश हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में बुधवार को दूसरे दिन अर्धरात्रि से शुरु हुई बारिश दिन भर लोगों के लिए आफत बनी रही। बारिश से जिले में कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। किसानों के खेतों में पानी भरने से पछेती लगी धान को नुक्सान होने की आशंका है। वहीं, तेज बारिश से नीचले इलाकों में घरों, दुकानों, गलियों व सड़कों पर पानी भरने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। आलम यह है कि कई स्थानों पर सड़कों पर दो से तीन फुट पानी भर गया है। जिससे लोग परेशान हो उठे हैं।

बुधवार को दूसरे दिन भी अर्ध रात्रि से जिले में दिन भर रुक-रुक कर तेज बारिश हुई। जिसकी वजह से सड़कों व नीचले इलाकों में कई-कई फुट पानी भरने से लोग परेशान हो गए हैं। लोगों को अपने गंतव्य तक सड़कों पर भरे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा।

### इन कॉलोनियों में भरा पानी

शहर के ग्रीन पार्क, आजाद नगर, टैगोर गार्डन, लाजपत नगर, अर्जुन नगर, खालसा कॉलेज मार्ग, विजय कालोनी, जसवंत कालोनी, कैंप, प्रोफेसर कालोनी, हमीदा का नीचले इलाका समेत जगाधरी के कई नीचले इलाकों में बारिश का पानी लबा लब भर गया। इन कॉलोनियों में कई घरों व दुकानों में पानी भर गया। लोग दिन भर घरों व दुकानों से पानी बाहर निकालने में लगे रहे।

### पंजेटो में भरा बरसाती पानी

जगाधरी-पांवटा साहिब नेशनल मार्ग स्थित पंजेटो गांव में पानी की निकासी नहीं होने पर घरों, गलियों व स्कूल में पानी भर गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर पानी निकासी के लिए बनाई गई दो पुलिया बंद होने की वजह से गांव के अधिकांश घरों, गलियों व स्कूल में कई कई फुट पानी भर गया। बुधवार को हुई तेज बरसात से शहर के निचले इलाकों से गांव में गलियों और घरों की दहलीज लांघकर घरों में घुस बरसाती पानी ने लोगों को परेशान किया।

घरों में घुसा पानी निकालते लोग


यमुनानगर में घर में घुसे बारिश के पानी को बाहर निकालते हुए मकान मालिक।

### तापमान में आई गिरावट

बुधवार को दिन भर जारी रही बारिश से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश से जिले का तापमान घटकर अधिकतम 32 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रह गया।

### मिर्च को नुकसान

बुधवार को दिन भर बारिश जारी रहने से जिले में नीचले इलाकों में लगी अगेती धान की फसल को नुक्सान होने की संभावना बन गई है। नीचले इलाकों में धान लगे खेत लबा लब भर गए हैं और रोपाई की गई धान पानी में डूब गई है। जिससे किसानों को नुक्सान होने की संभावना है। वहीं, बुधवार को हुई तेज बारिश से शिमला मिर्च की फसल को भी नुक्सान पहुंचा है। किसान रामपाल, वीर सिंह, रमेश कुमार, विजेंद्र कुमार, नरेंद्र सिंह व सुखपाल आदि ने बताया कि पिछले दो दिन से चल रही बारिश से पछेती धान व शिमला मिर्च को नुक्सान होने की संभावना बन गई है।

### कहां कितनी बारिश

जिले में बुधवार को प्रताप नगर में सबसे अधिक 100 एमएम और सरस्वती नगर में सबसे कम 25 एमएम बरसात हुई। विभिन्न क्षेत्रों में बारिश का मिजाज कुछ ऐसा रहा। यमुनानगर जगाधरी में 58 एमएम, व्यासपुर में 80 एमएम, रादौर में 40 एमएम, छछरौली में 72 एमएम, साढ़ौरा में 30 एमएम बारिश हुई।

### प्रशासन के पानी निकासी के सभी दावे फेल

बुधवार को हुई बारिश से शहर की कई कॉलोनियों में भरे पानी से नगर निगम द्वारा लाखों रुपये खर्च करके महीना भर से शहर में की जा रही नालों की सफाई करने के दावे फेल होते नजर आए। शहर निवासी प्रेम कुमार, सतीश, मोंटी, अमित, विशाल, गुरदीप व कमल आदि का कहना है कि हर वर्ष नगर निगम द्वारा बारिश में शहर में जलभराव नहीं होने के दावे किए जाते हैं। हर वर्ष जलभराव नहीं होने के लिए नालों की सफाई व अन्य इंतजामों पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। मगर जैसे ही बारिश होती है तो शहर पानी पानी दिखाई देता है और निगम प्रशासन द्वारा किए गए सभी इंतजाम धरे के धरे रह जाते हैं। बुधवार को भी बारिश होने से शहर के नीचले इलाके पानी पानी हो गए। पानी निकासी को लेकर जिला प्रशासन की पिछले करीब एक माह से बैठकों का दौर चलता आ रहा है जो बुधवार को पहली ही बारिश में प्रशासनिक अमले व नेताओं के दावे बरसाती पानी के साथ सड़कों व गलियों में हिचकौले खाते नजर आए।

# खोखले साबित हुए निकासी के प्रबंध नाहरपुर में घरों में घुसा बरसाती पानी

■ ग्रामीणों ने सरकार से की नाहरपुर में पानी निकासी के प्रबंध किए जाने की मांग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर क्षेत्र के गांव नाहरपुर में बुधवार को हुई तेज बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनके गांव में पानी निकासी के प्रबंध नहीं होने से बरसात का पानी लोगों के घरों व गलियों में भर गया। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामाना करना पड़ा। उन्होंने सरकार से उनके गांव में पानी निकासी के प्रबंध करवाए जाने की मांग की।

नाहरपुर निवासी जब्बार राणा,नेहा, नीतू, चंपा, सीमा, रिहाना, सरिता देवी, शिवानी, अंगूरी,जमशेद आलम आदि ने बताया कि बरसाती व गंदे ने बताया कि उनके गांव में में पानी निकासी के लिए सीवरेज डाले गए थे। मगर सीवरेज में सफाई का कार्य नहीं हुआ है। सीवरेज में गंदगी अटी पड़ी है। जिसकी वजह से बरसात के पानी की निकासी नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि इससे पहले घरों और बरसात का पानी गांव के नजदीक कब्रीस्तान की खाली पड़ी जगह चला जाता था। मगर उस जगह पर अब दीवार होने के कारण बारिश का पानी और घरों से निकला हुआ गंदा पानी गलियों में ओवरफ्लो होकर घरों में घुस रहा है। जिस कारण घरों में विषैला जीव जंतु भी आ रहे हैं। जिनके काटने से किसी भी व्यक्ति की जान जा सकती है। उन्होंने बताया कि गलियों में भरे पानी के कारण वह अपने घरों से निकलने के लिए भी मजबूर हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बरसाती व गंदे पानी की निकासी के लिए दबाए गए सीवरेज सफाई न होने के कारण गंदगी से अट चुके है। जिस कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है। मानसून की पहली बरसात ने विभाग की पूरी पोल खोलकर रख दी है। घरों के अंदर ज्यादा पानी होने के कारण वे अपना खाना भी नहीं बना सके। इस बारे संबंधित वार्ड के एमसी तिलकराज ने बताया कि अधिक बरसात होने के कारण पानी गलियों में खड़ा है। लेकिन इसके बावजूद वह समस्या का हल करवाने में लगे हैं।

# निगम क्षेत्र से गुजरने रही डिचड्रेन व नालों से पानी की निकासी पर दें विशेष ध्यानः डीसी

■ सचिवालय में नगर निगम, सिंचाई व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर व गावों में बरसाती पानी की निकासी को लेकर जिला सचिवालय के सभागार में नगर निगम, सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की।

डीसी पार्थ गुप्ता ने कहा कि बरसात अधिक होने के कारण सोम नदी व पथराला नदी में अधिक पानी आया था जो अब कम हो गया है। उन्होंने बताया कि बरसात के कारण 10 पेड़ गिर गए थे जिनको वन विभाग द्वारा सड़कों से हटाया गया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शहर से बरसाती पानी की निकासी को लेकर नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में दो दो वाटर पंप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में बरसात अधिक होने के कारण शहर के निचले इलाको में पानी भर गया है। उन इलाकों से वाटर पंप के माध्यम से पानी की निकासी जल्द से जल्द की जाएगी। ताकि लोगों को जलभराव से राहत मिल सके।

उन्होंने बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि डिचड्रेन से बरसात के पानी की निकासी में कोई अवरोध उत्पन्न न हो इसके लिए विशेष तौर पर ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि जल निकासी में कोई अवरोध उत्पन्न होता है तो उसका तुरंत समाधान करें। इस मौके पर निगमायुक्त अखिल पिलानी, एडीसी नवीन आहूजा, एसडीएम सोनू राम, सिंचाई विभाग के एसई आर एस मित्तल, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार व नगर निगम एक्सईएन विकास धीमान मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों और शिक्षकों को दिलवाई बाल विवाह बाल श्रम रोकने, अधिकारों की रक्षा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा शहर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में जिला बाल संरक्षण इकाई से काउंसलर मुनीश कुमार और मुकेश कंसल ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं काउंसलर मुनीश कुमार ने कार्यशाला में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिशन वात्सल्य की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मौके पर किशोर न्याय, पोक्सो अधिनियम, बाल अधिकार, बाल संरक्षण, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन और बच्चों के लिए चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान सभी को मिशन वात्सल्य के तहत बाल संरक्षण, बाल अधिकार को मजबूत बनाने और बाल मजदूरी व बाल विवाह लगाम लगाने में सहयोग की शपथ दिलाई।



### अनजान से रहें सतर्कः रंजन शर्मा

कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा ने बताया की बाल संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय है। बच्चों के साथ हो रहे अपराध पर लगाम लगाने के लिए सभी का जागरूक होना जरूरी है। अक्सर बच्चे अनजान पर भरोसा कर लेते हैं और अपराध का शिकार हो जाते हैं। सतर्कता, सही निर्णय लेने की क्षमता, सभी बच्चों में विकसित हो इसके लिए मिशन वात्सल्य के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कार्यशाला, जागरुकता शिविर और प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किशोर न्याय पोक्सो अधिनियम में सख्त सजा का प्रावधान है। मिशन वात्सल्य बच्चों के लिए संरक्षण तंत्र है शिक्षकों विद्यार्थियों परिजनों सभी को बाल संरक्षण तंत्र को मजबूती देंगे।

### मेडिकल स्टोर के गल्ले से एक लाख रुपये किए चोरी

यमुनानगर। कस्बा प्रताप नगर स्थित जग्गी मेडिकल स्टोर से एक युवक ने गल्ले से एक लाख रुपये चोरी कर लिए। मेडिकल स्टोर संचालक सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो गल्ले से पैसे गायब मिले। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर एक युवक गल्ले से पैसे चोरी करता हुआ मिला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव बहादुरपुर निवासी तेजिंदर सिंह ने बताया कि प्रताप नगर में उसकी जग्गी मेडिकल के नाम से दुकान है। 21 जून को रात 10 बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसे दुकान में लगा गल्ला खुला मिला। जांच करने पर गल्ले में रखें एक लाख रुपये गायब थे। जब उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो गांव नगली निवासी प्रिंस राणा गल्ले से पैसे चोरी करता हुआ मिला। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच के बाद आरोपी प्रिंस राणा के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# एकता और अनुशासन अपनाएं कैडेट्स

■ एनसीसी कमांड अधिकारी कर्नल जरनैल सिंह ने किया संबोधित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

14 हरियाणा बटालियन एनसीसी यमुनानगर द्वारा जगाधरी में कैडेट्स के लिए आयोजित किए जा रहे दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। शिविर के समापन पर एनसीसी के कमांड अधिकारी कर्नल जरनैल सिंह ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। जबकि मौके पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रोहित सहगल व कर्नल जितेंद्र सिंह दहिया भी मौजूद रहे।

मुख्यातिथि एवं कमांड अधिकारी कर्नल जरनैल सिंह ने शिविर के दौरान कैडेट्स द्वारा अनुशासन, उत्साह और समर्पण करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनसीसी के माध्यम से कैडेटस एक आदर्श, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिक बनें। उन्होंने कैडेट्स को एकता,अनुशासन और राष्ट्र सेवा जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने पर बल दिया। मौके पर सीटीओ अंजू बाला द्वारा सामाजिक जागरूकता के बारे में कैडेट्स को समझाया। उन्होंने लैंगिक लैंगिक समानता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति कैडेट्स को जागरुक किया। उन्होंने कैडेट्स को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने अपने क्षेत्रों में सामाजिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। शिविर में सूबेदार मेजर जसवंत सिंह और एनसीसी के सहयोगी अधिकारी मेजर ममता ओबेरॉय, उमेश प्रताप सिंह, गुरविंदर सिंह व पुनीत कुमार ने बताया कि दस दिवसीय शिविर में कैडेट्स को शारीरिक प्रशिक्षण, शस्त्र संचालन, नेतृत्व कौशल और सामाजिक सेवा जैसी गतिविधियों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।


यमुनानगर। जगाधरी में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के समापन पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए सीटीओ।

# महापुरुषों के संघर्ष व आदर्शों को अपनाएं युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा बुधवार को गुरू नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में बाबा बंदा सिंह बहादुर के 309 वें शहीदी दिवस के उपलक्ष में उनके जीवन और विरासत पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में पूर्व मंत्री कंवर पाल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बाबा बंदा सिंह बहादुर निगरानी समिति के चेयरमैन कंवर पाल ने कहा कि वर्तमान केन्द्रीय मंत्री तथा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विशेष प्रयासों से बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़्रफाउंडेशन ट्रस्ट की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि गुरुओं और महापुरुषों की यादगारए संघर्ष और आदर्शों को युवाओं के बीच लाना चाहिए। ताकि उन्हें अपने असली इतिहास के बारे में जानकारी मिल सके कि किस प्रकार गुरूओं व महापुरूषों ने देश, धर्म और न्याय की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गुरुओं व महापुरुषों की जीवनियों को स्कूलों की किताबों में जगह दी जा रही है। इस अवसर पर इतिहासकार डॉ. सुखदयाल सिंह ने बताया कि हरियाणा में बाबा बंदा सिंह बहादुर से संबन्धित काफी स्थान हैं। उन्होंने बताया कि बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख सेनानायक थे। वह पहले ऐसे सिख हुए जिन्होंने मुगलों को पराजित कर उनके अजेय होने के भ्रम को तोड़ा। उन्होंने बताया कि गुरु गोबिन्द सिंह जी के आदेश पर बाबा बन्दा सिंह बहादुर पंजाब गए और सिक्खों के सहयोग से सढ़ौरा, सरहिन्द, राहों सहित अन्य स्थानों पर जीत हासिल करते हुए सतलुज नदी के दक्षिण में सिक्ख राज्य की स्थापना की। उन्होंने खालसा के नाम से शासन भी किया और गुरुओं के नाम के सिक्के भी चलवाये।

बाबा बन्दा सिंह बहादुर ने जमींदारी प्रथा का अंत किया और किसानों को जमीने आबंटित कर जागीरदारों और जमींदारों की दासता से मुक्ति दिलाई। मौके पर बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य एसएस पाहवा ने बताया कि बाबा बंदा सिंह बहादुर ने सिख राज की पहली राजधानी लोहगढ़ को बनाया था। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने लोहगढ़ को दुनिया के नक्शे पर लाने के विशेष प्रयास किए हैं तथा इसके विकास को प्राथकिता दी। उन्होंने बताया कि बाबा बन्दा सिंह बहादुर का जन्म चनाब नदी के किनारे वर्ष 1670 को हुआ था। उनका बचपन का नाम लक्ष्मण देव था। पन्द्रह वर्ष की आयु में उन्होंने एक गर्भवती हिरणी का शिकार किया।



### लोहगढ़ का इतिहास जानें युवा

मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रभलीन सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट से लोहगढ़ स्मारक के विकास के लिये प्रतिबद्ध है। ताकि हमारी युवा पीढ़ी व आने वाली पीढ़िया लोहगढ़ के इतिहास व बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन उनके संघर्ष व शहादत के बारे में जान सकें।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सीईओ जिला परिषद वीरेन्द्र सिंह ढुल्ल, कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान रणदीप सिंह जौहर, उपप्रधान आरएस भट्टी, वित्त सचिव अमरदीप सिंह, सदस्य डॉ. बीएस गाबा व कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. प्रतिमा शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

एडीसी ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# नशा रोकने को उठाएं कारगर कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा नशे की रोकथाम को लेकर लघु सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। बैठक में अधिकारियों को जिले में नशा मुक्ति के लिए आपसी सामंजस्य के साथ आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके लिए विशेषकर युवाओं में जागरूकता लाना जरूरी है। सरकार का मुख्य उद्देश्य ड्रग्स आदि नशे को जड़ मूल से खत्म करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर माह सभी नशा मुक्ति केन्द्रों का निरीक्षण करें। एडीसी ने कहा कि नशा रोकने को लेकर पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग व रैडक्रास सोसायटी समेत अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर गांव व शहर में जाकर लोगों को जागरूक करें और नशा करने वाले लोगों पर नजर बना कर रखें। ताकि उनमें सुधार लाया जा सकें। नशा छुड़वाने के लिए अभियान चलाएं। इसमें तहसील और उप तहसील तक यह अभियान गांवों व शहरों में चलाएं। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर नशा न करे। सरकारकी हिदायतों अनुसार सभी मेडिकल स्टोरों में नशें की प्रतिबंधित दवाओं की जांच कर रिपोर्ट करें। जिन मेडिकल स्टोरों पर अवैध रूप से नशे की दवा मिलती है मेडिकल स्टोर के संचालकों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी मेडिकल स्टोर नशे की दवाई न दें।



### विद्यार्थियों को करें जागरुक

एडीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करें। ताकि वह हर प्रकार के नशे से दूर रहें। युवाओं को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक करना बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को बताया जाए कि नशा उनको तबाही की तरफ लेकर जाता है। एएसपी को कहा कि पुलिस चौकस होकर नशा तस्करों की जांच करें।

### एकजुट होकर करें काम

एडीसी नवीन आहूजा ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा। केवल सरकारी प्रयासों से नशे की समस्या को समाप्त नहीं की जा सकता। इसके लिए नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और एकजुट होकर नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी। इस मौके पर एएसपी अमरिंदर सिंह, एसडीएम जसपाल सिंह गिल, एसडीएम रोहित कुमार, एसडीएम नरेन्द्र कुमार, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, ड्रग इंस्पेक्टर बिंदू धीमान, एडवोकेट सुशील आर्य, डॉ.बुलबुल कटारिया इत्यादि मौजूद रहे।

# हर जिला मुख्यालय पर सरकारी अस्पताल में होगा निःशुल्क इलाज : सीएम

- गांव किशनपुरा के सामुदायिक केंद्र और गिरदारपुर के गुरुद्वारा साहिब के सभागार में सीएम ने लोगों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के हर जिला मुख्यालय के एक सरकारी अस्पताल में हर प्रकार की बीमारी का निःशुल्क ईलाज किया जाएगा। इस प्रदेश में जिला मुख्यालय के सरकारी अस्पताल में निःशुल्क ईलाज करने की योजना 15 अगस्त को शुरू हो जाएगी। इन अस्पतालों को तमाम सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इन राजकीय अस्पतालों में मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत भी ईलाज की सुविधा मिलेगी। इतना ही नहीं इन जिला मुख्यालय के सरकारी अस्पतालों में एक कमेटी का भी गठन होगा। यह कमेटी ही मरीज को पीजीआई या अन्य उच्च स्तरीय अस्पताल के लिए रैफेर करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को गांव किशनपुरा के सामुदायिक केंद्र और गिरदारपुर के गुरुद्वारा



साहिब के सभागार में ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद कर रहे थे। इन गांवों में मुख्यमंत्री ने लोगों के बीच बैठकर समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज संविधान हत्या दिवस के 50 वर्ष पूरे हुए हैं। यह वो दिन है, जब 50 साल पहले इमरजेंसी घोषित की गई थी जो आजादी के बाद सबसे बड़ा और अंग्रेजों के बराबर का अत्याचार रहा है। हर व्यक्ति को भय बना हुआ था। करीब 1 लाख लोगों की जबरदस्ती नसबंदी कर दी गई थी। लोगों को मजबूरन अपने घरों से निकलकर ईख के खेतों में रहना पड़ा था।

### लोगों से साथ मिलकर किया पौधरोपण

इन गांवों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों के साथ मिलकर पौधा रोपण भी किया। इन कार्यक्रमों के दौरान मुख्यमंत्री ने गांव किशनपुरा और गिरदारपुरा में विकास कार्यों के लिए 21-21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा भी की है। इसके साथ ही गांव किशनपुरा में सरपंच संजीव कुमार द्वारा रखी गई 15 मांगों और गिरदारपुरा में सरपंच द्वारा रखी गई सभी मांगों को विभाग के माध्यम से पूरी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा की जनता के कारण विधायक बने और आज मुख्यमंत्री के पद पर है। अब लाडवा को हरियाणा में बड़े श्रद्धा के साथ देखते हैं। सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह हल्का की जनता की समस्याओं को सुनकर तुरंत समाधान करें। इस जिले में अधिकारी भी निर्देश की पालना बखूबी कर रहे हैं। पिछले करीब 4 महीने में लाडवा विधानसभा में 110 करोड़ रुपए के विकास कार्य के काम चल रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सरपंच किशनपुरा संजीव, सरपंच गिरदारपुर गुरमीत कौर, सरदार हरमेहर सिंह, बरखा राम, नायब सिंह पटाक माजरा, देवेंद्र सिंह, जोगिंदर सिंह, अवतार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 28 जून तक जमा करनी होगी एबीसी आईडी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार जारी अधिसूचना के अनुसार सभी छात्र जिन्होंने मई या दिसंबर 2024 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा को पास किया है, और अभी तक अपने संबंधित कॉलेज/विभाग/संस्थान में अपनी एबीसी आईडी जमा नहीं की है, उन्हें 28 जून 2025 तक ऐसा करना आवश्यक है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि डिजिलॉकर पर अपलोड किए गए डीएमसी (विस्तृत अंक प्रमाण पत्र) व्यापक रूप से स्वीकार किए जाते हैं जो खासकर विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए लाभकारी है।

### सट्टा खाईवाली करने का आरोपी गिरफ्तार

**पिहोवा।** पुलिस ने सट्टा खाईवाली करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शहर पेहवा की टीम ने सट्टा खाईवाली करने के आरोप में राजेन्द्र कुमार वासी गुमथलागढ़ू जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 750 रुपये बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 24 जून को पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार थाना शहर पेहवा के सहायक उप निरीक्षक दिलभाग सिंह व गुरचरण सिंह की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में कस्बा पेहवा में मौजूद थी।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

# सड़क दुर्घटना में घायलों का इलाज न करने पर अस्पताल संचालकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में अधिकारियों को संबोधित करती उपायुक्त नेहा सिंह।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार पैनल के निजी अस्पतालों को सड़क दुर्घटना में घायल लोगों का निर्धारित नियमों के अनुसार इलाज करना होगा। इन आदेशों और नियमों की अवहेलना करते हुए कुरुक्षेत्र के कुछ निजी अस्पताल घायलों का इलाज नहीं कर रहे। ऐसे अस्पतालों पर अब सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके लिए पुलिस और अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सख्त आदेश भी दिए गए है। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले आरटीए विभाग के निरीक्षक जोगिन्द्र ने एजेंडे को हाउस के समक्ष रखा और विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट को भी हाउस के समक्ष रखा। उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में बनने वाले स्पीड ब्रेकरों की मौके पर निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट तैयार करे ताकि रिपोर्ट के अनुसार सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए स्पीड ब्रेकरों का निर्माण किया जा सके। इसके अलावा नगर परिषद द्वारा बनाए गए स्पीड ब्रेकरों की रिपोर्ट भी तैयार की जाए। उन्होंने एनएएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनएच-44 पिपली चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द किया जाए। इसके साथ ही एनएएचआई के अधिकारी शाहबाद पिपली के सर्विस रोड पर पानी निकासी के प्रबंधों को भी दुरूस्त करेंगे। उपायुक्त ने लघु सचिवालय से पानी निकासी करने के सख्त आदेश देते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी मौके का जायजा ले। उन्होंने रोड सेफ्टी से सम्बन्धित अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरे करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय अवधि में पूरे किए जाए। इस मौके पर एडीसी महावीर प्रसाद, एसडीएम पंकज सेतिया, एसडीएम डा. चिनार चहल, नगराधीश डा. रमन गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### सीसीटीवी लगाने के भी दिए आदेश

उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनएच-44 या अन्य मार्गों पर रांग साईड वाहन चलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इन वाहन चालकों का चालान करने के लिए पुलिस को आदेश दिए गए है। इसके साथ ही एनएच-44 व अन्य मार्गों पर सीसीटीवी लगाने के आदेश दिए है ताकि गलत साईड से आने वाले वाहनों पर शिकंजा कसा जा सके।

### लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

*उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि एनएच-44 पिपली चौक पर सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एनएचएआई की तरफ से सडक को चौड़ा करने का काम किया जाएगा। इस कार्य को लेकर नगराधीश की अध्यक्षता में वन विभाग, बिजली विभाग, नगर परिषद, पिपली पैराकिट सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौके का जायजा लेंगे। इतना ही नहीं बिजली विभाग, वन विभाग और लोक निर्माण विभाग, एनएएचआई को कार्य करने के लिए आगामी 3 दिनों में एनओसी उपलब्ध करवाएगा। अगर इस मामले में लापरवाही बरती तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने रोड सेफ्टी के एजेंडा बिन्दु नंबर 12 पर चर्चा करने पर पाया कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी केवल मुख्यालय चिटठियां भेजने तक ही सीमित रह गए है, जबकि 28 अप्रैल 2023 से नए बस स्टैंड के सामने प्रतापगढ़ को जाने वाली सडक पर सडक सुरक्षा को लेकर कार्य किया जाने का मामला लम्बित है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए और लापरवाही बरतने पर लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए नोटिस की कॉपी अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजने के निर्देश दिए है।*

### नप के कार्यकारी अभियंता के साथ गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों को भी जारी होगा नोटिस

*उपायुक्त नेहा सिंह ने एजेंडा नंबर 10 के विषय पर फीडबैक लेने के उपरांत आदेश दिए कि प्रतीत हो रहा है कि नगर परिषद के अधिकारी हाउस के अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है और सडकों के गढ्ढ़ों के साथ-साथ अन्य कार्यों का सही जवाब भी हाउस के समक्ष रखने में असमर्थ है। इस मामले में लापरवाही बरतने पर नप कार्यकारी अभियंता कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ-साथ मीटिंग में गैर हाजिर रहने पर अन्य अधिकारियों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।*

## आल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के कर्मियों ने की नारेबाजी



कुरुक्षेत्र। नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बिजली विभाग से संबंधित आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने कर्मचारियों की समस्याओं के लिए उपमंडल अधिकारी शहरी के खिलाफ सातवें दिन गेट मीटिंग उपमंडल कार्यालय पर की जिसकी अध्यक्षता यूनिट उप प्रधान प्रदीप सहारण और संचालन सब यूनिट सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया। यूनिट सचिव संधू ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि कई बार हमारी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मौखिक तौर पर उप मंडल अधिकारी के साथ मीटिंग हुई जिसमें उपमंडल अधिकारी बलवान ने आश्वासन दिया था कि आपकी सभी कर मांगों पर विचार किया जाएगा लेकिन आज तक कोई भी मांग का समाधान नहीं हुआ यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारी को बताया था कि जो एलडीसी बिंदु का तबादला पिहोवा में हुआ है उसको लेजर का ज्ञान नहीं है हमने कहा कि उसको कहीं हो सीट का कार्य दिया जाए लेकिन एसडीओ ने मीटिंग के अगले दिन ही एलडीसी बिंदु के ऑर्डर लेजर पर कर दिए।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर पवन जीएसओ, फकीरचंद, रमन, निर्मल सिंह, सौरव पठानिया, पंकज पुरी, दिनेश राणा, प्रदीप, दीपक कुमार, हवा सिंह, ईश्वर, प्रमोद, सुखविंदर, कमल गोस्वामी, सतीश, रूलदा, शुभम, प्रेम, बिंद्र, कमलेश देवी, दीपक कुमार इस्माईलाबाद, राजेंद्र, विकास गिल, पंकज पूरी, नरेश कुमार, अनिल कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित थे।*

### प्रमुख मांगें

*मुख्य मांगे इस प्रकार है एलडीसी बिंदु को लेजर सेट की जगह अन्य सीट पर लगाया जाए, बाखली सब स्टेशन पर प्रमोद को लगाया जाए ,सभी टेक्निकल कर्मचारियों को ऑफिस से बाहर निकाल कर फील्ड में लगाया जाए ,सभी कर्मचारियों को सुरक्षा से संबंधित टूल किट दी जाए, 33 केवी सबस्टेशन इसाक में परमिट लेने के लिए समस्या रहती है वहां की समस्या को दूर किया जाए आदि मांगे शामिल है।*

## ओवरलोडिड वाहनों पर 86 लाख 50 हजार का जुर्माना : उपायुक्त

- ओवर लोडिड वाहनों की चालकों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा : उपायुक्त
- रोड सेफ्टी की मासिक बैठक में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि ओवर लोडिड वाहनों की चालकों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सभी वाहन चालक नियमानुसार ही वाहनों में समान को लोड करें, अगर किसी भी स्तर पर नियमों के विपरीत ओवर लोडिड वाहन पाए गए तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अहम पहलू यह है कि आरटीए विभाग ने मई-2025 माह में 230 ओवर लोडिड वाहन चालकों से 86 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बुधवार को रोड सेफ्टी की मासिक बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि आरटीए विभाग की तरफ से लगातार वाहनों की चेकिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए विभाग की तरफ से विशेष टीम का गठन किया गया है, जो दिन-रात ओवरलोडिड वाहनों पर नजर रखती है। इस टीम के प्रयासों से मई-2025 माह में 230 ओवर लोडिड वाहनों के चालान किए है और इन चालानों से विभाग ने 86 लाख 50 हजार रुपए की राशि का जुमार्ना भी वसूल किया है।

## मां भद्रकाली शक्तिपीठ में नतमस्तक हुए केंद्रीय राज्यमंत्री

- मंदिर समिति ने पुष्पगुच्छ, मालाओं के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल कुरुक्षेत्र स्थित पावन मां भद्रकाली शक्तिपीठ पहुंचे और मां के श्रीचरणों में विधिवत पूजा-अर्चना कर देशवासियों के कल्याण हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में सांय 4 बजे पहुंचते ही मंदिर समिति द्वारा पुष्पगुच्छ, मालाओं और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा व मुख्य पुजारिन शिमला देवी की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री ने पवित्र शक्तिस्थल 'श्री देवीकूप' पर पान पत्तों के साथ माँ भद्रकाली जी की विधिपूर्वक पूजा की। मंत्री प्रो. बघेल ने पंचदीप आरती व मौली बन्धन कर माँ से भारत की अखंडता, समृद्धि और नागरिकों के कल्याण की कामना की। कंजक शैविल शक्ति का भी पूजन किया। मंत्री प्रो. बघेल ने कहा की वे पिछले कई वर्षों से माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में दर्शन करना चाहते थे, लेकिन माँ का बुलावा आज उन्हें यहाँ लाया है । उन्होंने यह भी कहा कि माँ भद्रकाली न केवल शक्ति की देवी हैं, बल्कि हमारी राष्ट्र-रक्षा, सामाजिक समरसता और लोककल्याण की प्रेरणा भी हैं। उनके चरणों में आकर मन को बल, बुद्धि और भक्ति तीनों की प्राप्ति हुई है। यह केवल एक शक्ति मंदिर नहीं, बल्कि लोक आस्था का जीवंत ऊर्जा के केंद्र है । उन्होंने बताया कि वे 51 शक्तिपीठों में से 30 शक्तिपीठ व द्वादश ज्योतिलिंगों में से 11 ज्योतिर्लिंग के पूजा दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने शनि मंदिर में भी तेल चढाया। उनके साथ उनके वरिष्ठ निजी सचिव हिमांशु शर्मा, सरस्वती बोर्ड के चैयरमैन धुम्मन सिंह किरमिच, घुमन्तु जाती विकास बोर्ड के चैयरमैन जय सिंह पाल, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, रविन्द्र सांगवान भी दर्शन करने पहुंचे। इस अवसर पर मंदिर समिति के उपाध्यक्ष डॉ. एम. के. मौदगिल, स्नेहिल शर्मा, देवी दयाल शर्मा, दिनेश कंसल, जीवन मौदगिल, रामपाल लाठर, रामकुमार, विजय पुजारा, अनिल मास्टर सहित अनेक सेवक सदस्य उपस्थित रहे।

## कुवि में दाखिले के लिए 835 विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए चल रही प्रवेश परीक्षा बुधवार को 4 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की गई। इन परीक्षाओं में 82 फीसदी परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जबकि एम.एस.सी. भौतिकी की प्रवेश परीक्षा में 85 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे। इन सभी परीक्षाओं को नकल रहित संचालन के लिए कुवि प्रशासन द्वारा केन्द्र अधीक्षकों व पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया। इस बारे जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दिशा-निर्देशानुसार सत्र 2025-26 में विभिन्न विभागों/संस्थानों के पाठ्यक्रमों के लिए चल रही प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत सुबह 10 बजे एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस की प्रवेश परीक्षा का संचालन भेषज्य विज्ञान संस्थान परीक्षा केन्द्र में किया गया जिसमें 111 में से 85 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे जबकि दोपहर सत्र में विधि संस्थान व विधि विभाग में आयोजित हुई एम.एस.सी. गणित की प्रवेश परीक्षा में 247 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस परीक्षा में 303 में से 247 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। यह दोनों परीक्षाएं कुवि कैम्पस में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।



### सर्वप्रथम वर्ष 2014 से लेकर 2024 तक के बजट का हिसाब सार्वजनिक किया जाए : अकाल पंथक मोर्चा

**कुरुक्षेत्र।** अकाल पंथक मोर्चा के वरिष्ठ नेता प्रकाश सिंह साहुवाल ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी (एचएसजीएमसी) के प्रधान जगदीश सिंह झींडा बगैर किसी तैयारी के वर्ल्ड यूनिवर्सिटी बनाने की बात कर रहे हैं। इतना ही नहीं, एचएसजीएमसी के पास बजट न होने पर वे कभी जमीन गिरवी रख ऋण लेने की बात कह रहे हैं, तो कभी सोना गिरवी रख ऋण लेने की बात कर रहे हैं। एचएसजीएमसी मुख्यालय में बुलाई एक बैठक में 16 सदस्यों द्वारा कई घंटे किए मंथन के बाद प्रकाश सिंह साहुवाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश के गुरुद्वारों के पास करीब 2500 एकड़ जमीन है, जो संगत की ओर से दान में दी गई है। इस जमीन पर ऋण लेना सही नहीं है। उन्होंने यूनिवर्सिटी खोलने से पहले सालों से चले आ रहे स्कूल और कालेजों की हालत में सुधार करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम वर्ष 2014 से लेकर 2024 तक के बजट का हिसाब सार्वजनिक किया जाए। वहीं, एचएसजीएमसी सदस्य हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि गत वर्ष बजट के पौने 3 करोड़ रुपये का कहीं कोई हिसाब-किताब नहीं है। एक विशेष खर्च तक 2.75 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, इनमें से मात्र 25 लाख रुपये के खर्च का ही ब्यौरा दिया गया है। यह संगत का पैसा है। इस रकम का पूरा हिसाब-किताब दिया जाए। संगत ने उन्हें वोट देकर एचएसजीएमसी सदस्य बनाया है। संगत ने यह पैसा गुरु घरों के प्रबंध को बेहतर करने के लिए दिया है। संगत के इस पैसे के हिसाब-किताब को सार्वजनिक किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने एमरजेंसी के 50 वर्ष पूरा होने पर मनाए जाने वाले किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम में संगत के पैसे को खर्च न करने की भी बात कही।

**अभियान** | 7 दिसंबर 1987 को आज के दिन को नशा निरोधक दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव किया था पारित

# नशे से छुटकारा पाने के लिए जागरूकता और शिक्षा सबसे उपयोगी शस्त्र : डॉ. अशोक वर्मा

नशे की दलदल में फंसने वाले युवाओं को नशे के दुष्परिणामों का ज्ञान ही नहीं

तरुण वधव ▶▶| कुरुक्षेत्र

7 दिसंबर 1987 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सर्वसम्मति से पूरे विश्व में 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। तब से विश्व के लोगों को नशीली वस्तुओं और पदार्थों के सेवन और उपभोग से होने वाले दुष्प्रभावों बारे जागरूक करने का कार्य आरम्भ हुआ था। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल पर घूम घूमकर हरियाणा में नशें के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हैं। हरियाणा सरकार द्वारा दो बार निकाली गई साइक्लोथॉन में भाग ले चुके हैं और पूरे हरियाणा में बिना



कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा।

रुके साइकिल चलाकर नशे के विरुद्ध कार्य किया है। उनकी एक कविता नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा बहुत लोकप्रिय हुई है। कविता की पंक्तियाँ इस प्रकार हैं- यदि नशा होता अच्छा, सबसे पहले माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। जन्म होते ही शहद की जगह एक कटोरी में कोई नशा लेती। ऊँगली डूबा कर हमारी जिव्हा पर चटा देती। जिसका पिता पीता है, वो कहता थोड़ी सी पी ले। काहें करता है चिंता अपनी जिंदगी जी ले। डॉ. अशोक कुमार वर्मा का कहना है कि इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए जागरूकता और शिक्षा सबसे बड़ा और सबसे उपयोगी शस्त्र सिद्ध हो सकता है क्योंकि नशे की दलदल में फंसने वाले युवाओं को नशे के दुष्परिणामों का ज्ञान ही नहीं होता है। पहले आरम्भ में वे नशे का सेवन मौज मस्ती के लिए करते हैं लेकिन ड्रग्स का नशा तो ऐसा है जिसे यदि एक या दो बार ले लिया जाए तो छोड़ना असंभव हो जाता है। हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव, आईपीएस ने वर्ष 2000 में फतेहाबाद को नशा मुक्त करने के लिए जो कार्य किए थे वे आज भी स्मरणीय हैं। उन्होंने एक और तो नशे के व्यापार पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगा दिया था तो दूसरी और नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों के जीवन को सुधारने के लिए अथक प्रयास किया।

### 2019 में देश में 704 मौतें नशाखोरी के कारण हुई

राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में देश में 704 मौतें नशाखोरी के कारण हुई हैं जिसमें तमिलनाडु में 108, कर्णाटक में 67, उत्तर प्रदेश में 64, राजस्थान में 60, गुजरात में 49, मध्य प्रदेश में 44, महाराष्ट्र में 7 मुख्य हैं। यदि हम मध्य प्रदेश की बात करें तो वर्ष 2017 से वर्ष 2019 के बीच मध्य प्रदेश में कुल मृत्यु 140 हुई हैं जिनमे 22 महिलाएं हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष भारत में नशीले पदार्थों की ओवरडोज के कारण 116 महिलाओं की मृत्यु हुई है। कुल 681 लोगों की मौत नशीली दवाओं के अधिक सेवन से हुई है इसमें सबसे अधिक 144 मौतें पंजाब में हुई है जो राज्य में नशे की उपलब्धता की और संकेत करती है। इसके बाद राजस्थान में 117 लोगों की मृत्यु हुई है और मध्य प्रदेश में 74 लोग मृत्यु को प्राप्त हुए हैं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि महिलाएं भी ने केवल ड्रग्स के धंधे में संलिप्त है अपितु ड्रग्स का सेवन भी कर रही हैं।

### नशा मुक्त समाज के निर्माण में आमजन भी करे भागीदारी

*डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में केवल सरकार की एक तरफा कार्रवाई पर्याप्त नहीं है अपितु यह सबकी जिम्मेदारी है। प्रत्येक माता पिता चाहता है कि उसके बच्चे नशे से दूर रहें। कुछ लोग स्वयं नशा करते हैं और अपने बच्चों को नशा करने से रोकते हैं दूसरी और कुछ व्यक्ति नशा नहीं करते लेकिन अपनी दुकानों और खोखों में धूम्रपान जैसे विषैले पदार्थ बेचते हैं। अनेक ऐसे लोग भी हैं जो शिक्षण संस्थान के बिल्कुल निकट में ऐसे पदार्थ बेच रहे होते हैं। प्रश्न उठता है कि इस पर पूर्ण रूप से लगाम कैसे लगाईं जाए। आज युवाओं में हुक्के, इ हुक्के और इ सिगरेट के प्रति बढ़ रहे रुझान को कैसे कम किया जाए।*

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। छोटा खुड्डा के सक्षम ने 24 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके घर से आरोपी ने एलईडी, बर्तन, सोना टाप्स व नकदी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। गांव बिहटा के रहने वाले विशाल ने 24 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके घर से सिलेंडर चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी टिंकू को गिरफ्तार किया है। कच्चा बाजार के मनोज कुमार ने 26 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 नवंबर 2024 को गांधी ग्राउंड से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बिजली अदालत का आयोजन 26 को

**अंबाला।** अंबाला शहर के उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 26 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता सुखबीर सिंह करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से जुड़ी शिकायत यहां रख सकता है।

### खेत से दो सोलर पंप तथा बिजली केबल चोरी

**जींद।** गांव गतौली खेतों से दो सोलर पंप तथा बिजली केबल गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव गतौली निवासी सेवा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत तथा पडोसी प्रेम के खेत से सोलर पंप तथा कीमती केबल को चोरी कर लिया।

### संदिग्ध हालात में महिला गायब, मामला दर्ज

**जींद।** गांव बेरीखेड़ा से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बेरीखेड़ी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 जून दोपहर को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### सीआरएसयू ने एबीवीपी की मांग की पूरी

**जींद।** सीआरएसयू प्रशासन ने एबीवीपी की मांग को पूरा किया है। सीआरएसयू में एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ने यूनिवर्सिटी के कंट्रोलर को मांग की कि थी यूनिवर्सिटी और कॉलेज में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों को स्पेशल और मर्सी चांस दिया जाए।

एक हजार मिट्टी के कट्टे भरे गए, डीसी ने कई नालों की सफाई का जायजा लेकर कहा, बरसात से निपटने को हम तैयार

# बरसाती सीजन में जलभराव से निपटने की कसरत

**41 पंपों के साथ पांच जेसीबी तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। नाले की सफाई का जायजा लेते डीसी अजय सिंह तोमर।



बरसाती सीजन में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए बुधवार को फिर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि कहीं पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है उससे निपटने के लिए पंपों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग, नगर निगम, जन स्वास्थ्य विभाग, रेलवे, एनएचएआई व अन्य अधिकारियों के साथ नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया।

इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमीशनर वीरेंद्र लाठर, एसडीएम दर्शन कुमार व रितेश गोयल, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि सफाई व्यवस्था का अधिकतर कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष बचे काम को भी तीव्रता से किया जा रहा है। विभागों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले सैक्टर 7 के नजदीक रेलवे क्षेत्र से गुजर रही ड्रेन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारी ने उन्हें अवगत करवाया कि यहां पर रेलवे के तीन स्पैन थी जिन्हें साफ करवा दिया गया है। इसके उपरांत उन्होंने सैक्टर 23 वाटिका के नजदीक भी गुजर रहे नाले का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर जनरेटर व पंप की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें ताकि निर्बाध रूप से बरसाती पानी की निकासी हो सके।

उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर भी जरुरी दिशा-निर्देश भी दिए। इसके उपरांत उन्होंने पंडित दीन-दयाल उपाध्याय चौक के नजदीक जन स्वास्थ्य विभाग के पंप की व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने यहां पर भी पंप व जनरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि पानी सुगमता से यहां से निकल सके। उपायुक्त ने मानव चौक के नजदीक गुजर रही नाले की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

इसके बाद उन्होंने इंद्रपुरी व बनूड़ी नाके पर जाकर एसटीपी प्लांटों की व्यवस्था को जांचा। यहां पर जो मोटर या मशीनें लगी हुई हैं उसकी वास्तविकता जांची। एसडीओ हरमिलाप ने उपायुक्त को बताया कि इंद्रपुरी एसटीपी प्लांट में बड़ी क्षमता वाली मोटर इंस्टाल की जा रही है। जल्द ही यह दुरूस्त हो जाएगी। उपायुक्त ने दोनों जगहों पर निर्देश दिए कि यहां पर बरसात के दिनों में मोटरें चलनी सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए डीजल की व्यवस्था के साथ-साथ जो अन्य आवश्यक व्यवस्था है उसे करना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत उपायुक्त ने टोल प्लाजा /देवीनगर के नजदीक सिंचाई विभाग द्वारा पानी को रोकने के लिए जो स्टड लगाया गया है उसको भी देखा। इसी प्रकार उन्होंने मनमोहन नगर के नजदीक भी गुजर रही नाले की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने इससे पहले लोक निर्माण विश्राम गृह में अधिकारियों के साथ तैयारियां की समीक्षा की। नगर निगम द्वारा उपायुक्त को बताया गया कि 41 पंपों की व्यवस्था के साथ-साथ उनके पास 5 जेसीबी मशीनों की व्यवस्था है। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके चार डिस्पोजल पंप हैं। सभी व्यापक व्यवस्थाएं वहां पर की गई हैं।

सिंचाई विभाग के अधिकारी ने बताया कि लगभग एक हजार मिट्टी के थैले तैयार किए गए हैं। यदि कहीं पर भी आवश्यकता पड़ती है उन्हें वहां पर लगा दिया जाएगा। मौके पर अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, कार्यकारी अभियंता संदीप, कार्यकारी अभियंता सुखबीर सिंह, कार्यकारी अभियंता रितेश गोयल, एसडीओ हरमिलाप, जितेंद्र सिंह, एनएचएआई से पुलकित, हुडा से कार्यकारी अभियंता के साथ-साथ रेलवे व एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहे।

## बरसात के बाद कई रिहायशी कॉलोनियों में भराव

**बराड़ा।** बरसाती शुरू होते ही कस्बे में जलभराव हो गया। कई रिहायशी व व्यवसायिक कॉलोनियों में पानी जमा होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर पालिका के अध्यक्ष रजत मलिक ने बुधवार को नगर पालिका सचिव राजेश कुमार और कनिष्ठ अभियंता (जेई) भंवर सिंह के साथ बरसात से प्रभावित जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को तुरंत राहत प्रदान की जाए। जांच के दौरान मलिक ने वार्ड नंबर 1 मौजगढ़ स्थित जोहड़ का भी जायज़ा लिया। यहां पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के घरों में घुस रहा था। उन्होंने मौके पर पहुंचकर नगर पालिका सचिव के साथ मिलकर जोहड़ से सटी पुलिया को खुलवाया, जिससे गंदे पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सकी और लोगों को राहत मिली। अध्यक्ष द्वारा हाल ही में जारी हेल्पलाइन नंबर पर नगरवासियों से लगभग 15 से 20 शिकायतें प्राप्त हुई थीं जिनमें से अधिकांश समस्याओं का समाधान नगरपालिका कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बरसात के मौसम में उत्पन्न समस्याओं के समाधान में नगर पालिका का सहयोग करें। उन्होंने स्वीकार किया कि जलभराव की समस्या वर्षों पुरानी है। इसे स्थायी रूप से खत्म करने के लिए एक विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने सचिव और पालिका अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मलिक ने कहा कि मुझे पद संभाले कुछ ही समय हुआ है लेकिन वे नागरिकों को भरोसा दिलाना चाहते हैं कि जलभराव और अन्य नगर समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर नपा सदस्य पवन कुमार, लिपिक राहुल कुमार और सफाई कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।



बराड़ा। पानी निकासी के कार्यों का जायजा लेते हुए नपा अध्यक्ष रजत मलिक।

## छात्रों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों की दी जानकारी



बराड़ा। जागरूकता रैली निकालते हुए कॉलेज छात्र।

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। इसका आयोजन एंटी ड्रग्स अवेयरनेस सैल की इंचार्ज सरला सेठी और डॉ. शशि खुराना के नेतृत्व में किया गया। इस रैली के द्वारा विद्यार्थियों ने आसपास के गांव में लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने लोगों को शपथ दिलवाई कि वें न तो खुद नाश करेंगे और ना ही दूसरों को नाश करने देंगे। इसके अलावा गांवों में कई स्थान पर भांग जैसे नशे के पौधे लगें हुए थे उनको उखाड़ कर फेंकने में विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोगों कों भी इनको उखाड़ कर फेंकने के लिए प्रेरित किया।

## परिवार व समाज को भी प्रभावित करती है नशे की लत

- राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित किया गया जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व प्राचार्य।


नशा केवल व्यक्तिगत जीवन को ही नहीं अपितु पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इससे व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इस बारे में राजकीय महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. उमेश भारती ने कहा कि नशा मुक्ति एवं जनजागरूकता को लेकर कालेज में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।इसका उद्देश्य विद्यार्थियों तथा समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में नशे के बारे में युवाओं को जागरूक करना बेहद जरूरी है ताकि युवा वर्ग इससे बच सके। उन्होंने कहा कि यह शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी बनती है कि वे विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करें और नशे के विरुद्ध मजबूत चेतना विकसित करें। उन्होंने बताया कि नशे के प्रति जागरूकता के लिए कॉलेज में समय-सयम पर विद्यार्थियों के लिए जागरूकता व्याख्यान, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, नाटक एवं समूह चर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।

उन्होंने कहा कि समाज, विद्यालय और अभिभावकों को मिलकर एकजुट प्रयास करने होंगे ताकि एक नशा मुक्त, स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य का निर्माण किया जा सके। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और युवाओं को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। राजकीय महिला महाविद्यालय में गत दिवस नशे की विकराल समस्या के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, शिक्षकों तथा समस्त महाविद्यालय परिवार को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना एवं समाज को इस अभिशाप से मुक्ति दिलाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना था। भारती ने नशे के विभिन्न प्रकारों-जैसे शराब, तंबाकू, गुटखा, ड्रग्स आदि तथा इनके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आर्थिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हुए जो विद्यार्थीयों के मार्गदर्शक, प्रेरणा और मानसिक संबल के रूप में एक

## लोक नृत्य कार्यशाला के समापन पर हरियाणवी डांस पर थिरके कलाकार

- चंडीगगढ़ संगीत नाटक एकादमी की ओर से चल रही थी दस दिवसीय कार्यशाला, वरिष्ठ कलाकार बुधराम ने दिया था प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यशाला के समापन समारोह में प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली कलाकार।

चंडीगढ़ संगीत नाटक एकादमी की ओर से चल रही दस दिवसीय हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला का समापन हो गया। इस दौरान युवाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रशिक्षक बुधराम ने यहां युवाओं को हरियाणवी लोक नृत्य की विदाओं से अवगत करवाया। बता दें कि बुधराम हरियाणवी लोकनृत्य कला को एक समर्पित कलाकार हैं। सालों ये हरियाणवी नृत्य कला को जिंदा रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला व चंडीगढ़ संगीत नाट एकादमी के जरिए बुधराम हरियाणवी लोक नृत्य कला के स्वरूप को बचाने में जी जान से जुड़े हैं। पिछले कुछ समय में बुधराम 20-22 हजार युवाओं को हरियाणा नृत्य कला के गुर सिखा चुके हैं।अब ये कलाकार विभिन्न मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधराम बताते हैं कि किसी भी कला को जिंदा रखने के लिए समय अनुसार उसमें प्रयोग करने भी जरुरी होते हैं।

### रिहायशी भवन में अचानक लगी आग

**अंबाला।** मानव चौक के पास फ्रैंड्स कॉलोनी में एक घर में आग लग गई। आग लगने से घर का सामान जल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग व पुलिस मौके पर पहुंची। घटना बीते रोज की बताई जा रही है। मकान मालिक कौशल कुमार ने बताया कि वह कपड़ों की फेरी लगाने का कार्य करता है। वह जिला नागरिक अस्पताल में आंख का चेकअप करवाने के लिए गए थे। उन्होंने घर आकर पंखा चलाया। कुछ देर बाद घर में जलने की बदबू आने लगी तो उन्होंने इधर-उधर जाकर देखा तो पता नहीं चला लेकिन उनके घर के स्टोर से धुंआ उठने लगा तो बेटे ने घर का मुख्य स्विच बंद किया और बाल्टियों से आग को बुझाने का प्रयास किया।

## योग प्रतियोगिता में छठी कक्षा की अन्वी गुप्ता ने पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी स्कूल की कक्षा 6 में पढ़ने वाली अन्वी गुप्ता ने पंजाब के धुरी नामक स्थान पर आयोजित योग कार्यक्रम में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह सीरीज कार्यक्रम था जिसमें फर्स्ट व सैकेंड राउंड के बाद बच्चे का सिलेक्शन हुआ। अन्वी की श्रद्धा और विश्वास और प्रेक्टिस का ही नतीजा था कि उसने प्रतियोगिता में विजय प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया। प्राचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि अन्वी पढ़ाई में भी अव्वल है। समय निकालकर उसने अपनी प्रैक्टिस को जारी रखा। उन्होंने बताया कि यह बच्चों के अपने लक्ष्य को हासिल करने की जिद होती है जो उन्हें सफलता प्रदान कराती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की योगा टीम के बच्चे बहुत कुशल है और हर प्रसिद्ध प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर विजय हासिल करते हैं। उन्होंने अन्वी को उनकी जीत पर बधाई दी। उज्वल भविष्य की कामना की।



बराड़ा। पुरस्कार के साथ अन्वी गुप्ता।

## आईटीआई में 236 सीटों पर दाखिले के लिए 185 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय आईटीआई मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर नोहनी में सत्र 2025–26 के लिए विभिन्न व्यवसायों में दाखिले हेतु कुल 236 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। अब तक संस्थान को 185 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार ने बताया कि निदेशालय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा द्वारा राज्य भर की सभी राजकीय एवं निजी आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार 27 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वायरमैन, मैकेनिक आरएसी, टर्नर, कोपा, एसओटी, सिलाई तकनीक, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी तथा एसएसए (हिंदी) जैसे व्यवसायों में दाखिला दिया जाएगा। अब तक 24 जून 2025 तक लगभग 185 अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं। प्रधानाचार्य ने आगे बताया कि इच्छुक उम्मीदवार संस्थान में स्थापित हेल्प डेस्क के माध्यम से निशुल्क आवेदन करने की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और समय पर अपना आवेदन सुनिश्चित करें।

जीएम बोले, सीएम से करवाया जाएगा उद्घाटन

# डेढ़ करोड़ की लागत से कार पार्किंग बनकर तैयार

- कांग्रेस ने जताया ऐतराज, कहा लोगों को जानबूझकर परेशान करने के लिए लटकाया जा रहा है उद्घाटन, सात दिन की दी मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



वाहन पार्किंग का बाहरी दृश्य।

अंबाला शहर के बस स्टैंड के पास करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से कार पार्किंग बनकर तैयार हो चुकी है। जल्द ही इस कार पार्किंग का उद्घाटन होगा। रोडवेज अधिकारी कार पार्किंग का शुभारंभ सीएम से कराना चाहते हैं। इसके लिए रोडवेज महाप्रबंधक अश्वनी डोगरा परिवहन विभाग के मुख्यालय को पत्र भेजने की बात कही है। उधर कांग्रेस ने एक सप्ताह के भीतर यह कार पार्किंग चालू करने की बात कही है। अधिकारियों को साफ चेतावनी दी कि अगर सात दिन में पार्किंग शुरू नहीं हुई तो भी लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों का डटकर विरोध किया जाएगा। जीएम ने बताया कि एक जून को लोक निर्माण विभाग ने उन्हें पार्किंग सुपुर्द की है। सीएम से समय मिलने के बाद ही पार्किंग का शुभारंभ हो सकेगा।

### पार्किंग में कर रहे सजावटी कार्य

*पार्किंग में फैंसी में लाइट भी लगा दी गई हैं। इसके अलावा पार्किंग को हरा भरा रखने के लिए 500 गमलों में पौधे तैयार किए जा रहे हैं। जल्द ही इन पौधों को कार पार्किंग में रखवा दिया जाएगा। जो पार्किंग की शोभा बढ़ाएंगे। वहीं दूसरी और इस पार्किंग से रोडवेज के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।*

### दुकानदारों को मिलेगी राहत

अंबाला शहर में कपड़ा, मनियारी और आर्टिफिशियल ज्यूलरी की होलसेल मार्केट है। जो अंबाला सिटी बस स्टैंड के सामने है। इस मार्केट में चंडीगढ, हिमाचल, पंजाब और हरियाणा के विभिन्न जिलों से छोटे, बडे दुकानदार होलसेल रेट में सामान की खरीदारी करने आते हैं। इन दुकानदारों को वाहन खड़ा करने की जगह नहीं मिलती। जिसके कारण सुबह से लेकर शाम तक जाम लगा रहता है। परिवहन विभाग के जीएम अश्वनी डोगरा ने बताया कि करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से कार पार्किंग बनकर तैयार है। जल्द ही इसका उद्घाटन करवाया जाएगा। इसके लिए मुख्यालय में लिखा है। कांग्रेसी नेता विनोद धीमान ने कहा कि अफसर सत्तापक्ष के कुछेक नेताओं के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कार पार्किंग के उद्घाटन का मामला जानबूझकर लटकाया हुआ है ताकि लोगों को परेशान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर सात दिन में इसका शुभारंभ न हुआ तो लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर इसे चालू कर दिया जाएगा।